दिनांक 28.04.2020

स्वच्छ भारत अभियान स्वच्छ एवं सुदर

भिलाई

पीलिया से बचाव एवं रोकथाम के लिए भिलाई क्षेत्र के सभी हैन्डपंप/पावर पंप एवं अन्य जल स्रोतों से ले रहे सेम्पल, पानी शुद्धता की हो रही है प्रतिदिन जांच , अब तक 780 से अधिक जल स्रोतों से लिए जा चुके हैं सैंपल

भिलाई नगर। नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत पेयजल की शुद्धता को बनाए रखने सभी हैन्डपंप , पावरपंप पाइप लाइन एवं विभिन्न स्थानों के जल स्रोतों से पानी का सेम्पल लिया जा रहा है और पानी की शुद्धता की जांच की जा रही है। जलजनित बीमारियों से बचाव के लिए निगम प्रशासन द्वारा सभी वार्डों में घर-घर जाकर क्लोरीन टैबलेट बांटने के साथ ही लोगों को साफ व उबला हुआ पानी पीने की सलाह दे रहे है। वार्डों से प्रतिदिन लिए जा रहे पानी के सेम्पल को 77 एमएलडी जल शोधन संयंत्र में स्थापित लैब में केमिस्टों द्वारा जांच की जा रही है। महापौर एवं भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव तथा आयुक्त ऋतुराज रघुवंशी ने जल विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया है कि शहर की जनता को शुद्ध पेयजल प्रदाय करने हेतु संपूर्ण निगम क्षेत्र से पानी सेम्पल एकत्रित कर प्रतिदिन जांच की जाए। पीलिया जैसी जल जनित बीमारी की रोकथाम हेतु प्रत्येक जोन क्षेत्रों से हैन्डपंप , पावरपंप, टंकी, पाइपलाइन एवं अन्य जल स्रोतों से पानी का सैंपल लेकर उसका परीक्षण किया जा रहा है। परीक्षण उपरांत जांच रिपोर्ट जोन को सौंप दी जा रही है ताकि इसके अनुरूप पानी की शुद्धता के लिए अग्रिम कार्यवाही की जा सके। विभिन्न जल स्रोत जैसे हैंडपंप , बोर, कुआं, पाइपलाइन, टंकी आदि का सैंपल लेकर लैब में भेजा जा रहा है। अभी तक कई स्थलों से प्राप्त पानी का परीक्षण किया जा चुका है।